# लेबर (प्रसव) के लिए एपिड्यूरल दर्द निवारण

the women's
the royal women's hospital

## एपिड्यूरल क्या होता है?

एपिड्यूरल एक प्रकार का दर्द निवारक है जो लेबर (प्रसव) में दर्द को कम करता है।

डॉक्टर एक छोटी प्लास्टिक ट्यूब, जिसे एपिड्यूरल कैथेटर कहा जाता है, आपकी रीढ़ की हड्डी के पास के क्षेत्र (एपिड्यूरल स्पेस) में डालता है। आपकी रीढ़ की हड्डी में दर्द तंत्रिकाओं को अवरुद्ध करने के लिए कैथेटर के माध्यम से दर्द निवारक दवाएं दी जाती हैं। इससे आपके शिशु का जन्म होने तक दर्द से राहत मिल सकती है।

लेबर और जन्म के दौरान दर्द से राहत पाने के लिए एपिड्यूरल सबसे प्रभावी तरीका है।

## एपिड्यूरल के क्या लाभ हैं?

यदि आपके शिशु का जन्म फोरसेप्स (forceps) के उपयोग से या आपातकालीन सिज़ेरियन द्वारा होना है, तो एपिड्यूरल प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करने में मदद कर सकता है।

एपिड्यूरल पहले से ही लगे होने का मतलब आमतौर पर यह होता है कि आपको सिज़ेरियन के दौरान सामान्य एनेस्थेटिक की आवश्यकता नहीं होगी, इसलिए आप अपने शिशु के जन्म के समय जागृत रह सकती हैं।

शोध से पता चलता है कि एपिड्यूरल से आपके शिशु पर सीधा असर नहीं पड़ता है, और न ही आपातकालीन सिज़ेरियन की आवश्यकता पड़ने की संभावना बढ़ती है।

## एपिड्यूरल कैथेटर कैसे लगाया जाता है?

एक एनेस्थेटिस्ट आपके शरीर में एपिड्यूरल डालेगा। इसमें लगभग 20 मिनट लगते हैं।

- आपको तरल पदार्थ देने के लिए आपके हाथ या बांह में ड्रिप लगाई जाएगी।
- इस प्रक्रिया के लिए आपको करवट लेकर लेटना होगा या बैठना होगा।
- आपकी पीठ को ठंडे एंटीसेप्टिक घोल से साफ किया जाएगा
- आपकी पीठ की त्वचा को सुन्न करने के लिए स्थानीय एनेस्थेटिक (संवेदनाहारी) इंजेक्शन लगाया जाएगा।
- एपिड्यूरल डालते समय आपको अपनी पीठ पर दबाव महसूस हो सकता है। स्थिर रहने से प्रक्रिया अधिक सुचारू रूप से चलेगी और दुष्प्रभावों की संभावना कम हो जाएगी।
- जब एपिड्यूरल कैथेटर डाला जाता है तो आपको अपनी पीठ या पैरों के नीचे झुनझुनाहट महसूस हो सकती है। यह ख़तरनाक नहीं है।
- सुई निकाले जाने के बाद, एपिड्यूरल कैथेटर को आपकी त्वचा पर सुरक्षित रूप से चिपका दिया जाएगा।
- एनेस्थेटिक दवाइयां कैथेटर के माध्यम से प्रवाहित होंगी और अपना काम करने में लगभग 10 से 20 मिनट का समय लेंगी।

## एपिड्यूरल आप पर क्या प्रभाव डालता है?

एपिड्यूरल के कारण आपको अपने पैर भारी लग सकते हैं, इसलिए आपको बिस्तर पर ही रहना होगा।

इससे यह महसूस करना भी मुश्किल हो सकता है कि आपका मूत्राशय कब भर गया है, इसलिए आपको मूत्र कैथेटर की आवश्यकता होगी।

आपको कंपकंपी, खुजली या गर्मी महसूस हो सकती है।

एपिड्यूरल के कारण कभी-कभी आपका प्रसव (लेबर) लंबा खिंच सकता है या शिशु के जन्म में मदद के लिए फोरसेप्स (forceps) की आवश्यकता बढ़ सकती है।

इससे आपके शिशु की हृदय गति में भी परिवर्तन हो सकता है। हम आप और आपके शिशु में किसी भी बदलाव पर बारीकी से नज़र रखेंगे।

## खतरे क्या हैं?

एपिड्यूरल सुरक्षित होते हैं, लेकिन इनके दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

सामान्य दुष्प्रभावों में रक्तचाप में गिरावट और संभावित uneven block (अन-ईवन ब्लॉक) शामिल हैं, जिनका इलाज हम कर सकते हैं।

कम आम देखी जाने वाली जटिलताओं में गंभीर सिरदर्द शामिल है।

बहुत ही दुर्लभ जटिलताओं में अस्थायी समय के लिए तंत्रिकाओं को होने वाली क्षति (नर्व डैमेज), संक्रमण, अत्यधिक एपिड्यूरल ब्लॉक, तथा एपिड्यूरल रक्त की गांठ (क्लाट) शामिल हैं। गंभीर चोट या अधरंगता (paralysis) बहुत ही दुर्लभ हैं।

## अधिक जानकारी के लिए

यदि आपके कोई प्रश्न हों या और अधिक जानकारी चाहिए तो अपने प्रसूति विशेषज्ञ (obstetrician) या मिड्वाइफ से बात करें। वे एनेस्थेटिस्ट से आपकी बात करवाने की व्यवस्था कर सकते हैं।

**Acute Pain Service (तीव्र दर्द सेवा),**

**रॉयल महिलाओं का अस्पताल**

सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक
टेलीफोन: (03) 8345 2389

## क्या आपको दुभाषिए की ज़रूरत है?

यदि आपको आवश्यकता हो तो आप दुभाषिए की मांग कर सकती हैं।

## पारिवारक हिंसा सहायता

**1800 Respect राष्ट्रीय हेल्पलाइन**

यदि आपने यौन उत्पीड़न, घरेलू या पारिवारिक हिंसा और दुर्व्यवहार का अनुभव किया है तो आप सहायता प्राप्त कर सकती हैं।
आप दिन या रात किसी भी समय फ़ोन कर सकती हैं।
1800 737 732
1800respect.org.au

**अस्वीकरण:** यह तथ्य पत्रक केवल सामान्य जानकारी प्रदान करता है। अपनी या अपने शिशु की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं के बारे में विशिष्ट सलाह के लिए आपको अपने स्वास्थ्य पेशेवर से सलाह लेनी चाहिए। Royal Women’s Hospital (रॉयल महिलाओं का अस्पताल) किसी स्वास्थ्य पेशेवर से मिलने के बजाय इस तथ्य पत्र पर आपके द्वारा किए गए भरोसे से उत्पन्न होने वाली हानि या क्षति के लिए कोई ज़िम्मेदारी स्वीकार नहीं करता है। यदि आपको या आपके शिशु को तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता हो, तो कृपया अपने निकटतम आपातकालीन विभाग से संपर्क करें।
© The Royal Women’s Hospital 2025.